# राजस्थान सरकार

आयुक्तालय

**मिड–डे मील योजना**

(Mid Day Meal Scheme)

मध्याह्न भोजन योजना
Mid Day Meal Scheme

क्रमांक एफ 4(240) प्राशि / एमडीएम / दि.निर्दे. / 2019 / 999 जयपुर, दिनांक : 19.01.2026

**जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय)**
**प्रारम्भिक शिक्षा,**
**जिला समस्त।**

विषयः–दिनांक 23.01.2026 को आयोजित **"निपुण मेले"** के दौरान समस्त राजकीय विद्यालयों में **"श्रीकृष्णभोग"** आयोजन के संबंध में।

संदर्भः'–राज्य परियोजना निदेशक, राज.स्कूल शिक्षा परिषद का पत्रांक 5578 दिनांक 15.1.2026 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंषा के अनुसार प्रारम्भिक कक्षाओं में वर्ष 2026–27 तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN) के लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निपुण भारत मिशन में जन समुदाय की सहभागिता को सुनिश्चित करने एवं विद्यार्थियों की प्रगति को अभिभावकों के साथ साझा करने हेतु प्रत्येक PEEO, UCEEO के विद्यालयों में दिनांक 23.01.2026 को **"निपुण मेले"** का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक को 23.01.2026 को निपुण मेले के दिन विद्यालय स्तर पर **"श्रीकृष्णभोग"** कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाना प्रस्तावित है। पूर्व में दिनांक 31.10.2025 को मेगा पीटीएम के अवसर पर आप सभी के सामूहिक प्रयासों से श्रीकृष्ण भोग का उत्कृष्ट आयोजन किया गया। अतः इसी प्रकार दिनांक 23.01.2026 को निपुण मेले के दिन जिले के समस्त विद्यालयों में जनसहभागिता से **श्रीकृष्ण भोग आयोजन करने एवं इसकी सूचना राजसिम्स पोर्टल पर अंकित करने हेतु जिले के समस्त अधिकारियों एवं संस्था प्रधानों को निर्देशित करने का श्रम करें।**

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

**भवदीय,**

**(तेज प्रकाश मीणा),**
**अति0 आयुक्त,**
**मिड–डे मील**

प्रतिलिपि :

1. राज्य परियोजना निदेशक, राज0 स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर को उनके संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, समस्त जिला
3. समस्त पीईईओ / यूसीईईओ समस्त जिला।

अति0 आयुक्त

Signature valid
Digitally signed by Tej Prakash Meena
Designation : Additional Commissioner
Date: 2026.01.19 1?:28:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20000377
eSign 1.0